बाबू जगजीवन राम की 119वीं जयंती पर बैठक आयोजित

भरतपुर (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी अनु.जाति विभाग भरतपुर के द्वारा बाबू जगजीवनराम जी की 119वीं जन्म जयंती जिला कार्यालय होटल मोती पैलेस भरतपुर पर एक बडी बैठक कर बडी धूमधाम से मनाई गई जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अनु0 जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार जाटव, प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी कमलेश जाटव उपस्थित रहीं।

बाबू जगजीवन के बारे में विस्तार से जीवन परिचय दिया एवं मुकेश कुमार जाटव ने बाबू जगजीवनराम के बारे में जानकारी साझा करते हुए विस्तार से उनके जीवन के बारे में बताया। बाबूजी एक महान स्वतंत्रता सैनानी एवं महान सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनेता थे उनका जन्म 5 अप्रेल 1908 को बिहार के भोजपुर जिले के चांदवा गांव के दलित परिवार में हुआ था उन्होंने अपनी शिक्षा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में की उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आन्दोलन में भाग लिया और दो बार 1940 में दलितों के लिये मतदान अधिकार की मांग की और मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका रही । ऐसे महान पुरूष की 119वीं जयंती पर सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। संचालन ई. विजयसिंह ने किया ओर कार्यक्रम के दौरान बताया कि 1985 में धौलपुर सर्किट हाउस में उनका दर्शन लाभ प्राप्त हुए। इस मौके पर राजकुमार पप्पा, विजयसिंह पूनियां, हरीश मंत्री, महेश मुंशी, गजेन्द्र सिंह, दुलीचंद अध्यापक, सुरेन्द्र पाल, रमेश चंद वर्मा, दउदय सिंह, रतन सिंह फौजी, चंदन सिंह, भीकम सिंह और सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

जरूरतमंद कन्याओं को कन्यादान सामग्री भेंट कर निभाया सामाजिक दायित्व

भरतपुर (निसं)। प्रयास संस्था द्वारा अग्रवाल धर्मशाला, भरतपुर में जरूरतमंद 5 कन्याओं के लिए सामूहिक रूप से कन्यादान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, सेवा भाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ सम्पन्न हुआ। संस्था अध्यक्ष सिपिका गोयल ने बताया कि इस पुनीत अवसर पर संस्था द्वारा कन्याओं को उनके नए गृहस्थ जीवन की सुखद शुरुआत के लिए आवश्यक विभिन्न उपयोगी वस्तुएँ भेंट की गईं।

■ संस्था अध्यक्ष सिपिका गोयल ने बताया कि इस पुनीत अवसर पर संस्था द्वारा कन्याओं को उनके नए गृहस्थ जीवन की सुखद शुरुआत के लिए आवश्यक विभिन्न उपयोगी वस्तुएँ भेंट की गई

भरतपुर में जरूरतमंद 5 कन्याओं के लिए कन्यादान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया ।

उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से संस्था निरंतर ऐसे सेवा कार्य करती आ रही है और आगे भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए तत्पर रहेगी। कन्यादान सामग्री में अटेची, साड़ी, मेकअप का सामान, पर्स, मंगलसूत्र बिछुआ, पेंट-शर्ट, कंबल, बेडशीट, टेबल-कुर्सी सेट, पंखा , प्रेस, बाल्टी, डिनर सेट, 18 पीस के डिब्बे सेट,पानी की बोतल सेट ,कैसरोल, पुडिंग सेट एवं नगद राशि सहित अन्य आवश्यक उपहार सामग्री शामिल थी। संस्था द्वारा प्रत्येक कन्या को सम्मानपूर्वक यह सामग्री प्रदान की गई। संस्था सचिव अलका मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी कन्याएं आर्थिक रूप से कमजोर है और उन्होंने कहा कि प्रयास संस्था अब तक अनेक जरूरतमंद कन्याओं को कन्यादान सामग्री प्रदान कर चुकी है तथा भविष्य में भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा।

संस्था की उपाध्यक्ष डिंपल मित्तल ने बताया कि प्रयास संस्था के तत्वाधान में अप्रैल को एक आर्थिक रूप से कमजोर लड़की की शादी अग्रवाल धर्मशाला से की जाएगी। अंजू मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत हर्षोल्लासपूर्ण एवं भावनात्मक रहा। सभी ने मिलकर गीत गाए और सभी कन्याओं को चुन्नी उड़ा कर और समान देकर आशीर्वाद दिया और उपस्थित सदस्यों ने कन्याओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ किया गया। कार्यक्रम में डिंपल अल्का सुनीता कुलश्रेष्ठ निधि गोयल टीना शर्मा सोनल सिंघल , योगिता मित्तल पायल गुप्ता ,मीनू गुप्ता ,सरिता, हिमानी जिंदल ,राजेश चौधरी शशि गुप्ता ,प्रभा ,रानी,पूजा गोयल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा गौ सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

भरतपुर (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, जिला युवा इकाई द्वारा ब्रजधाम जीव सेवा सदन (हीरादास बस स्टैंड के पास) में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौ माता एवं बंदरों को केले, सब्जियाँ, चपेट के साथ खल-चूनी खिलाई गई। जिला युवा अध्यक्ष मनीष गर्ग ने बताया कि गौशाला में दुर्घटनाग्रस्त एवं लावारिस गौवंश भी लाए जाते हैं, जिनकी सेवा एवं देखभाल निरंतर की जाती है। साथ ही यहां दुर्घटनाग्रस्त बंदरों की भी सेवा एवं उपचार किया जाता है। हिन्दू धर्म में गौ माता का विशेष पौराणिक महत्व है, जिसमें सभी देवी-देवताओं का वास माना गया है तथा गौ सेवा को पुण्य का कार्य बताया गया है। जिला महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि गौशाला में निरंतर सेवा कार्य किए जाते हैं तथा यहां आने वाले प्रत्येक गौवंश की देखभाल पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं गौ सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर योगेश सिंघल (खादी वाले), ओमप्रकाश गुप्ता (अचार वाले), तरुण जैन, रामेंद्र सर्राफ, धीरज जैन, अमित खंडेलवाल, विवेक मित्तल, प्रतीक जैन, त्रिलोक जैन आदि उपस्थित रहे। सभी ने समाज के लोगों से ऐसे सेवा कार्यों में आगे आकर सहयोग करने का अनुरोध किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज धौलपुर जिले के होंगे सह प्रभारी

करौली (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में करौली निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र भारद्वाज को धौलपुर जिले का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। भूपेंद्र भारद्वाज को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर करौली जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैकांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारद्वाज के लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ धौलपुर जिले में कांग्रेस संगठन को निश्चित रूप से मिलेगा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में नई ऊर्जा मिलेगी।करौली जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भूपेंद्र भारद्वाज को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

सविनय अवज्ञा आंदोलन की वर्षगांठ पर प्रार्थना सभा आज

करौली (निसं)। सविनय अवज्ञा आंदोलन के समापन की वर्षगांठ के अवसर पर करौली में विश्व शांति हेतु प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के तत्वावधान में जिले में 12 मार्च को दांडी मार्च की स्मृति में रैली एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिनका उद्देश्य विश्व शांति और अहिंसा का संदेश देना रहा।समिति के जिला संयोजक प्रेम सिंह माली ने बताया कि 6 अप्रैल को सविनय अवज्ञा आंदोलन की वर्षगांठ के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित गांधी चौक पर 6 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में गांधी विचारधारा से जुड़े नागरिक, समिति के पदाधिकारी एवं गांधीजन भाग लेंगे।

राष्ट्रीय पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में करौली से 150 स्कूली वालकों ने लिया भाग

करौली (निसं)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक की की ओर से आयोजित "जीवन दायिनी वृक्ष " राष्ट्रीय पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में करौली चैप्टर की ओर से स्कूली विद्यार्थियों ने अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले विविध प्रकार के स्वदेशी पेड़ पौधों का मनोहारी चित्रण किया। इंटैक चैप्टर करौली के विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी प्राकृतिक विरासत, वनस्पति एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं प्रति जागरूक करने के लिए कक्षा सात से नवमी में अध्ययनरत, विद्यार्थियों से प्रविष्टियां प्राप्त की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पीपल, नीम, बरगद, आम, बील, बबूल, धौंक, बेर, रोहिड़ा , खेजड़ी आदि विभिन्न प्रकार के स्वदेशी जीवनदायनी वृक्षों के चित्रांकन के साथ इनके उपयोग तथा संरक्षण व संवर्धन के उपायों के बारे में लेखन किया तथा स्लोगन भी बनाए। चैप्टर कन्वीनर पूर्व नरेश कृष्ण चंद्र पाल एवं को- कन्वीनर राव शिवराज पाल सिंह ने विद्यार्थियों की रचनाओं की सराहना करते हुए खुशी जताई। सचिव गोविन्द सिंह सेंगर ने बताया कि प्रतियोगिता में निःशब्द मूक बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों सहित 15 विद्यालयों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम इंटैक के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय से घोषित किया जाएगा।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग

करौली (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) खण्ड करौली का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय दाखा देवी आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। महासंघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में संगठन के सत्र 2026-27 के सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा कर योजना बनाई गई तथा संकुल संयोजकों को सदस्यता डायरियों का वितरण किया गया।वर्ग में जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल नामा ने बताया कि नूतन संवत्सर से राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का विलय अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान में कर दिया गया है जो अब अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के नाम से जाना जाएगा।वर्ग में प्रवासी कार्यकर्ता ओम प्रकाश वर्मा ने संगठन की रीति नीति व विचारधारा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।बैठक में खण्ड ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र दीवान, मंत्री महेन्द्र गुप्ता शहर खण्ड अध्यक्ष गब्बू सिंह, मंत्री राधेश्याम जाटव, पूर्व जिला संगठन मंत्री गजानंद वर्मा, असलम खान, कोषाध्यक्ष सादाब हसन सहित संकुल संयोजक उपस्थित रहे।

हिण्डौन सिटी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 110 से अधिक मरीजों की जांच

हिण्डौन (निसं)। नर सेवा ही नारायण सेवा के उद्देश्य को साकार करते हुए रविवार को वात्सल्य सेवा समिति एवं मेट्रो मास हॉस्पिटल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने किया। इस दौरान उन्होंने समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो पाती हैं। शिविर में मेट्रो मास हॉस्पिटल की चिकित्सक टीम द्वारा कुल 110 से अधिक मरीजों की बीपी, शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा समिति की ओर से निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंद मोहन सुमन सहित डॉ. ऋषभ माथुर, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. धीरज सैनी एवं अविनाश कुल्हार ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य गौरव चतुर्वेदी, आलोक देशवाल, अगस्त्य गौड़, धर्मवीर गौतम सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि उनका उद्देश्य अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है और भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा।

पिंकसिटी के प्ले स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

जुरहरा, भरतपुर (निसं)। डीग क़स्बे के पिंकसिटी प्ले स्कूल में रविवार को विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह जुरहरा विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता जीतेश मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि के द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन किया गया। जिसके बाद विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से प्रतिभावान छात्र व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया।

सार-समाचार

मनोज कुमार की प्रथम पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजली

भरतपुर (निसं)। राष्ट्रीय ओल्ड इज गोल्ड संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जीवनलाल शर्मा के नेतृत्व में शास्त्री पार्क भरतपुर में गुजरे जमाने के देशभक्ति फिल्मों के निर्माता नायक मनोज कुमार की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी फिल्मों के गाने सुना कर उनको सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इंजीनियर जीवनलाल शर्मा ने है प्रीत जहां की रीत सदा में गीत वहां के गाता हूं तथा कसमे वादे प्यार वफ़ा सब बातें हैं बातों का क्या बने सिंह धावई ने मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती आदि गाने सुना कर उनको सादर श्रद्धांजलि दी जीवनलाल शर्मा ने बताया की मनोज कुमार का जन्म पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 24 जुलाई 1937 को हुआ था तथा उनका निधन 4 जुलाई 2025 को मुंबई में हुआ था उन्होंने अपने फ़िल्मी करियर में लगभग 55 फिल्मों में काम किया तथा सा त फिल्मों का निर्देशन भी किया फिल्म डिवीजन में उन्हें भारत कुमार के नाम से जाना जाता था उनकी फिल्मों में उपकार शहीद क्रांति पहचान रोटी कपड़ा और मकान पूरब पश्चिम सन्यासी साजन आदि प्रमुख थी उन्होंने 1960 में कांच की गुड़िया फिल्म से फिल्म डिवीजन में डेब्यू किया था इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष बने सिंह धावई महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा महामंत्री राकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष भरत शर्मा राजाराम फौजदार डॉक्टर हरिओम शर्मा सुरेंद्र दंडोतिया राजाराम फौजदार महेंद्र फौजदार दिनेश शर्मा व्याख्याता भगवानदास अग्रवाल श्रीनिवास शर्मा सुंदर सिंह जगदीश गुप्ता महेश सिंघल रमेश श्रीवास्तव खेमचंद सक्सेना भगवान सिंह विनोद अग्रवाल भगवान सिंह फौजदार अनिल अग्रवाल सतीश गुप्ता रोशन सिंह मेवाराम चौधरी आदि उपस्थित थे।

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर रैली व सम्मान समारोह का आयोजन

करौली (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल को करौली जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में विशाल रैली एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संस्थान के आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई।संस्थान के सचिव एवं कस्बा अध्यक्ष रामगोपाल माली ने बताया कि 11 अप्रैल को फुले सर्किल से छात्रावास परिसर तक एक विशाल रैली निकाली जाएगी। रैली शिकारगंज, खादी भंडार, रणग़मा तालाब और लव-कुश वाटिका होते हुए छात्रावास परिसर पहुंचेगी। रैली का उद्देश्य शिक्षा के प्रचार-प्रसार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना है। रैली के उपरांत छात्रावास परिसर में स्थापित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इसके बाद जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों, 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2026 तक नव नियुक्त एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही भामाशाहों को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्थान के विकास हेतु कई भामाशाहों द्वारा वार्षिक 1100 का आजीवन आर्थिक सहयोग दिए जाने के लिए तीन दर्जन से अधिक समाज बंधुओ ने अपनी रसीद जमा कराई ।कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया।संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने समाज के सभी बंधुओं से छात्रावास विकास एवं जयंती कार्यक्रम में तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से अधिक से अधिक मातृशक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने का आ ान किया।इस अवसर पर जिला कर्मचारी संघ अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष दयाराम सैनी, रमजी सरपंच, प्रहलाद मास्टर,रामखिलाड़ी ठेकेदार, रामदयाल मेंबर, पन्नूसिंह, अध्यापक रामसिंह ,बनेसिंह, लक्ष्मणसिंह, गोपाल लाल माली रूपसिंह,धर्मी,रामेश्वर,महेशचंद कुशवाहा, रंगलाल सैनी ,शिवदयाल, हेमराज टेंट वाले, प्रभु ठेकेदार सहित अन्य समाज बंधुओ के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने का आ ान किया गया।

प्रजापति संस्थान की बैठक सम्पन्न, कुरीतियां मिटाने का लिया संकल्प

हिण्डौन सिटी। प्रगतिशील प्रजापति संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को संस्थान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल (अध्यापक, बमनपुरा) एवं वयोवृद्ध समाजसेवी धनीराम ढिंढोरा ने संयुक्त रूप से की। बैठक का शुभारंभ श्री यादें माता के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्रीलाल प्रजापति (पूर्व नायब तहसीलदार) ने समाज के 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज व देश सेवा का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य की बैठकों में भोजन की व्यवस्था नहीं की जाएगी। संस्थान द्वारा 1 मई 2026 को प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन को अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित करने का निर्णय लिया गया, जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन दिया। यह भी तय किया गया कि सम्मेलन की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। छात्रावास निर्माण हेतु 90ए (रियायती आवंटन) भूमि से संबंधित लंबित प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए समाज के प्रतिनिधि नगर परिषद सभापति से मुलाकात करेंगे। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक का समापन किया गया। बैठक में चरणसिंह प्रजापति (सचिव), उमेदीलाल, पृथ्वी पटेल, रामसिंह, मदनलाल, रमेश (संरक्षक), राकेश (बमनपुरा), लक्ष्मण (ठेकेदार), गोपेश, रामस्वरूप (हिण्डौन), राकेश (व्याख्याता) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अवकाश कटौती के खिलाफ शिक्षक संघ शेखावत का ऐलान

डीग भरतपुर (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई कटौती के विरोध में राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन के आ ान पर 7 अप्रैल, मंगलवार को प्रदेशभर के शिक्षक तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल ने बताया कि संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार सभी तहसील इकाइयों और शिक्षक समुदाय को इस विरोध कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा गया है। शिक्षक उपखंड अधिकारी अथवा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अपनी मांगें सरकार तक पहुंचाएंगे। संघ ने शिक्षा विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती का निर्णय शिक्षक एवं विद्यार्थियों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि इस निर्णय को तत्काल वापस लेकर पूर्ववत ग्रीष्मकालीन अवकाश लागू किए जाएं, साथ ही पोषाहार (एमडीएम) और ट्रांसपोर्ट वाउचर का लंबे समय से लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए, विद्यालयों में पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, सभी स्कूलों में बिजली-पानी और कक्षाओं की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

पथैना में भूमिय बाबा मेला का शुभारम्भ आज, कुश्ती दंगल कल

हलैना, भरतपुर (निसं)। श्री धीरज बाबा मेला कमेटी, ग्राम पंचायत एवं संस्थापक ठाकुर सार्दुल सिंह के वंशजों की ओर से वीर योद्धाओं के गांव पथैना में 6 अप्रेल से श्री भूमिया बाबा एवं विराट कुश्ती दंगल शुरूआत होगी,जो 7 अप्रेल तक आयोजित होगा। मेले का उद्घाटन ठाकुर भगवान सिंह के द्वारा किया जाऐगा और मेले की सफलता के लिए मेला कमेटी का गठन कर पोस्टर का विमोचन किया गया। मेला कमेटी का जगवीर सिंह पटैला वाले को अध्यक्ष,मान सिंह को सचिव,दिगम्बर सिंह को कोषाध्यक्ष ,जबकि प्रशासक सरपंच स्नेहलता बृजेश कुमार,पंचायत समिति सदस्य देवा पहलवान को संरक्षक तथा अत्तर सिंह,वन्टू सिंह,समय सिंह,रोशन सिंह,भगत सिंह आदि को सदस्य नियुक्त किया गया।

मेला कमेटी अध्यक्ष जगवीर सिंह एवं ग्राम पंचायत के प्रशासक सरपचं स्नेहलता बृजेश कुमार ने बताया कि गांव पथैना में 6 से 7 अप्रेल तक श्री भूमिया बाबा (धीरज सिंह) मेला आयोजित होगा। 6 अप्रेल को सुबह 8:00 बजे मेले का उद्घाटन एवं ध्वजारोहण,8:15 बजे श्री धीरज बाबा की शोभायात्रा,दोपहर 2:00 बजे घोडा-घोडी और ऊंट होगी,जिसके विजेता को 15 हजार रू व शील्ड तथा उप विजेता को 11 हजार रू व शील्ड तथा सायं 3:00 बजे 15 सौ मीटर की पुरूष दौड होगी,जिसके विजेता को 41 सौ रू व शील्ड प्रदान की जाऐगी।

श्री धीरज बाबा मेला कमेटी की मेले के सम्बंध में मिटिंग हुई।

पथैना संस्थापक की 14 कोठियां भरतपुर राजघराना से जुडा गांव हलैना-पथैना के नाम से विश्व विख्यात है,पथैना गांव को ठाकुर सार्दुल सिंह ने 17 वीं शताब्दी में बसाया था,जिनके 14 पुत्र थे और उनके नाम से आज भी गांव में 14 कोठियां है। गांव के ठाकुर पुरूषोत्तम सिंह,ठाकुर तेज सिंह, ठाकुर दर्याव सिंह,ठाकुर अत्तर सिंह बताते है कि गांव पथैना के संस्थापक ठाकुर सार्दुल सिंह के 14 पुत्र थे,जिनकी आज भी 14 कोठिया है, जो कोठिया पोप सिंह,रतन सिंह,अजीत सिंह,जोघ सिंह,गजेन्द्र सिंह,किरत सिंह, सन्तोक सिंह,भीम सिंह,रन सिंह,सुजान सिंह,देवी सिंह,मेघ सिंह,धीरज सिंह,किशन सिंह के नाम से जानी जाती है। सभी कोठियों की आबादी 10 हजार से अधिक है।

ट्रक की टक्कर से बिजली का ट्रांसफार्मर व दो पोल क्षतिग्रस्त

सूरौठ (निसं)। तहसील मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के मुख्य गेट के पास रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार ट्रक ने बिजली के पोल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पोल व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पोल झुक गए, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग को अवगत कराया गया।

सूरौठ पीईईओ सोहन सिंह मीना ने बताया कि विद्यालय के मुख्य गेट पर लगे ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए कई बार हिंडौन सिटी एसडीएम, संबंधित अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्य एमडी भावना ने कहा कि ट्रक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुख्य गेट पर लगा विद्युत पोल ऊपर से आधा टूट गया। उन्होंने बताया कि रविवार होने के कारण विद्यालय में अवकाश था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यदि उस समय स्कूल खुला होता, तो गंभीर जनहानि हो सकती थी। प्रधानाचार्य ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय के मुख्य गेट पर लगे ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

भरतपुर (निसं)। भरतपुर तिलक नगर कोलौनी में हरिपथ परिसर में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन मंगलवार 7 अप्रैल से 13 अपैल तक किया जा रहा है। आयोजक सेवनिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि वृन्दावन के आचार्य योगेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपनी मधुर वाणी में कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर एक बजें से सायं 5 बजे तक करेंगे। कलश यात्रा 7 अप्रैल को प्रातः 9 बजे अटलबन्द गणेश मंन्दिर से हरिपथ तिलक नगर कथा स्थल का निकाली जायेगी।

नवनियुक्त जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने संभाला पदभार

करौली (निसं)। नवनियुक्त जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने रविवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर नव नियुक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्रजनों तक पहुँचाना तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

■ राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्रजनों तक पहुँचाना

नव नियुक्त जिला कलेक्टर ने पदभार संभाला।

उन्होंने यह भी कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ कृषि, सड़क, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सेवाएं, कानून व्यवस्था, स्वच्छता एवं सफाई तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर जिलेवासियों को लाभान्वित करने पर ध्यान केंद्रित रहेगा। इस दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल, खाद्य सुरक्षा पोर्टल, फार्मर रजिस्ट्रीकरण पोर्टल सहित अन्य मुख्य परियोजनाओं पर भी जिला स्तरीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, मंडरायल उप जिला कलेक्टर अनिल जैन, करौली उप जिला कलेक्टर प्रेमराज मीना तथा सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेंद्र कुमार मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त जिला कलेक्टर गोदारा ने समीप के गांव शेरपुर में मुख्यमंत्री के आगामी 8 मार्च को संभावित दौरे को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।